an>

title: Need to establish a university and a women's degree college in Lakhimpur Kheri parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : अध्यक्ष महोदया, शिक्षा का महत्व किसी भी व्यक्ति, समाज और क्षेत्र के विकास में बहुत महत्वपूर्ण होता है। पूरे देश में साक्षरता का जो औसत है, उत्तर प्रदेश वैसे ही पिछड़ा हुआ है, लेकिन तराई का क्षेत्र जिसमें लखीमपुर, बहराइच, सीतापुर, हरदोई आदि जिले आते हैं, वहां शिक्षा का स्तर उत्तर प्रदेश के कुल शिक्षा के स्तर से भी कम है, खासकर महिलाओं की शिक्षा हमारे क्षेत्र में 50 प्रतिशत के लगभग है जो चिन्ताजनक है। उसका प्रमुख कारण है कि वहां शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं है। वहां एक-एक महाविद्यालय 40-40 किलोमीटर की दूरी पर स्थिति है। वहां प्राथमिक शिक्षा तो हो जाती है, परन्तु महाविद्यालय न होने के कारण महिलाओं की शिक्षा पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उसका एक प्रमुख कारण है। लखीमपुर, बहराइच, सीतापुर, शाहजहांपुर, हरदोई इन सभी जिलों में कोई भी विश्वविद्यालय नहीं है। इन सभी जिलों को कानपुर विश्वविद्यालय से जोड़ा गया है। जिससे शैक्षिक और प्रशासनिक कार्य करने में बहुत समस्याएं आती हैं और विशेषकर महिलाओं के लिए महाविद्यालय नहीं बन पा रहे हैं। मेरा आप के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि लखीमपुर में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए, खासकर महिलाओं के लिए इन प्रत्येक जिले में चार महाविद्यालय विज्ञान, कार्मस और आर्ट इन तीनों विषयों के महाविद्यालय खोले जाएं जिससे महिलाओं की शिक्षा में व्यापक सुधार हो सके।